# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी सीधी वन मण्डल, जिला सीधी (म0प्र0)

Ph. 07822-252235, Fax- 253035 E-mail- dfot.sdh@mp.gov.in

क्रमांक / मा0चि0 / 1111 सीधी दिनांक / 08 / 02 / 2021

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक
रीवा वृत्त रीवा (म.प्र.)

विषयः– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (Regular) Batch-V (वर्ष 2017–18) अन्तर्गत स्वीकृत मार्ग मायापुर खुटेली लौआर रोड़ से बिछरी में उन्नयन / डमरीकरण पैकेज क्र. MP41209 में प्रभावित वनभूमि 1.680 हे. वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत व्यपवर्तन प्रस्ताव Praposal No. FP/MP/Road/51020/2020

संदर्भः– महाप्रबंधक म.प्र.ग्रा.सड़क वि.प्राधि.परि.क्रि.इ.सीधी (म.प्र.) का पत्र क्रमांक / 2616 दिनांक 19.10.2020

––000––

उपरोक्त विषय में आवेदक महाप्रबंधक म.प्र.ग्रा.सड़क वि.प्राधि.परि.क्रि.इ.सीधी (म.प्र.) के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (Regular) Batch-V (वर्ष 2017–18) अन्तर्गत स्वीकृत मार्ग मायापुर खुटेली लौआर रोड़ से बिछरी में उन्नयन / डमरीकरण में प्रभावित वनभूमि 1.680 हे. वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत व्यपवर्तन प्रस्ताव Praposal No. FP/MP/Road/51020/2020 आनलाईन भाग–I किया जाकर हार्ड कापी इस कार्यालय में दिनांक 20.10.2020 को प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में भाग–II की पूर्ति के संबंध में यूजर एजेन्सी एवं वन परिक्षेत्राधिकारी बहरी के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण कराया गया। वन परिक्षेत्राधिकारी बहरी के प्रस्तुत स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन में प्रस्तावित / आवेदित स्थल की वस्तु स्थिति निम्नानुसार पायी गयी।

1. प्रभावित वनक्षेत्र का विवरण संयुक्त स्थल निरीक्षण अनुसार– कक्ष क्र. पी 901 संरक्षित वनखंड बारी, वन परिक्षेत्र बहरी, वन मण्डल सीधी ।

| विवरण (प्रभावित वनभूमि की वैधानिक स्थिति) | लम्बाई मी. | चौडाई मी. | क्षे. हे. में | प्रस्तावित सड़क का अक्षांश–देशांतर | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Starting Point | Ending Point |
| प्रस्तावित आरक्षित वन, (धारा 4 भारतीय वन अधिनियम 1927 में अधिसूचित) कक्ष क्र. पी 901 संरक्षित वनखंड बारी | 1440 | 6.00 | 0.864 | N 24°32'56.9" E 82°21'8.0" | N 24°32'38.7" E 82°22'3.7" |
| राजस्व वनभूमि ग्राम बिछरी खसरा 7,8,9,10,11,78,80 | 1360 | 6.00 | 0.816 | | |
| योग | 2800 | | 1.68 | | |

2. प्रस्तावित परियोजना Mayapur-Khuteli-Lauar Road to Bichhari Under PMGSY Road Package No MP41209 लम्बाई 2.80 कि.मी.चौड़ाई 6 मीटर है प्रस्तावित रोड़ निर्माण में प्रभावित वनभूमि 1.68 हे. अन्तर्गत कोई भी वृक्ष स्थित नहीं है। क्षेत्र का घनत्व 0.2 से 0.4 एवं साइड क्वालिटी IVB तथा मिश्रित प्रजाति का वन है। प्रस्तावित मार्ग पूर्व निर्मित कच्चा आम रास्ता का निर्माण प्रस्तावित है। अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है।

3. प्रस्तावित महाप्रबंधक PMGSY सीधी, जिला सीधी द्वारा प्रस्तावित Mayapur-Khuteli-Lauar Road to Bichhari Under PMGSY Road Package No MP41209 मार्ग एक रेखीय प्रस्ताव है जिसमें पूर्व निर्मित मार्ग का चौड़ीकरण / उन्नयन किया जाना है। आवेदित मार्ग के अन्तर्गत वन्यप्राणियों की उपस्थिति नहीं पाई जाती है। आवेदित मार्ग में कोई ऐतिहासिक धार्मिक स्थल नही है।

4. क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु समतुल्य गैर वनभूमि 1.68 हे. प्रकरण में प्रस्तावित है। समतुल्य गैर वनभूमि ग्राम खुटेली, तहसील सिहावल, आराजी खसरा क्र. 460/2 रकवा 1.68 हे. कलेक्टर सीधी के न्यायालयीन आदेश क्रमांक / 0001 / अ–19(3) / 2020–21 दिनांक 29.07.2020 के द्वारा वन मण्डल सीधी को हस्तांतरित की गयी। जिसका मौके से कब्जा दिनांक 01.02.2021 को प्राप्त किया गया। उक्त गैर वनभूमि संरक्षित वनखंड खुटेली 'ब' कक्ष क्रमांक पी 1599 से लगा हुआ है। गैर वनभूमि का जी.पी.एस. क्वार्डिनेट निम्नानुसार है :–

1. N 24°31'7.92"
   E 82°16'16.57"
2. N 24°31'7.80"
   E 82°16'20.69"
3. N 24°30'57.64"
   E 82°16'21.97"

5. उपरोक्त प्राप्त गैर वनभूमि की 11 वर्षीय वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना लागत राशि 6264560/– तैयार की गयी, जिसमें मुख्य वन संरक्षक रीवा वृत्त रीवा के आदेश क्रमांक 35 दिनांक 08.02.2021 के द्वारा अनुमोदित की गयी एवं तकनीकी स्वीकृति जारी की गयी।

6. आवेदित Mayapur-Khuteli-Lauar Road to Bichhari Under PMGSY Road Package No MP41209 वन मण्डल सीधी के अधीन प्रस्तावित आवेदित क्षेत्र 1.68 हैक्टे. संरक्षित क्षेत्र नही है। किन्तु मुताबिक टोपोशीट संरक्षित क्षेत्र आवेदित स्थल से 10 कि.मी. की परिधि मे स्थित है। प्रस्तावित सड़क से सोन घड़ियाल अभ्यारण्य की अधिसूचित सीमा गोपद/सोन नदी संगम मध्य में स्थित है। प्रस्तावित सड़क सोन घड़ियाल अभ्यारण्य अधिसूचत सीमा नदी को Cross कर ग्राम बिछरी तक जायेगी। गोपद नदी में पुल भी प्रस्तावित है, जिसकी राष्ट्रीय वन्यप्राणी बोर्ड से स्वीकृति यूजर एजेन्सी द्वारा पृथक से संजय टाईगर रिजर्व सीधी के माध्यम से आवेदन कर प्राप्त की जावेगी।

प्रकरण में यूजर एजेन्सी द्वारा पंजीयन प्रोसेसिंग शुल्क की राशि 6000/– जरिये चालान क्रमांक 45 दिनांक 29.08.2019 के द्वारा पूर्व में ही जमा किया जा चुका है। अतः प्रकरण में आनलाइन भाग–II की प्रविष्टि पूर्ण की जाकर हार्डकापी प्रस्ताव 04 प्रति में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

संलग्न–प्रस्ताव हार्डकापी 04 प्रति।

वन मण्डलाधिकारी
सीधी (म0प्र0)

पृ0क्रमांक/मा0चि0/1112 दिनांक/08/02/2021

प्रतिलिपिः– 1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू–प्रबंध) सतपुड़ा भवन म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित

2. कलेक्टर जिला सीधी (मध्यप्र) की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

3. महाप्रबंधक म.प्र. ग्रा.सड़क विकास प्राधि. परि.क्रिय.इ. सीधी, जिला सीधी की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
सीधी (म0प्र0)